## एक नजर में

### कांवेरी बाई का निधन



**झाडला 24 दिसम्बर, सं.** झाडला के समीप छापरी कला की कांवेरी बाई मीणा का दोपहर 3 बजे दु खद निधन हो गया. उनके आचानक निधन से गाँव और क्षेत्र मे शोक की लहर छा गई . वह 80 वर्ष की थी . कुछ समय से स्वांस की बीमारी से पीड़ित थी. वह मिलन सार, व्यवहारिक, समाज सेवी थी. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी. उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ो समाज जन, रिस्तेदार और ग्रामीण ने शामिल हो कर भाव भीनी अंतिम बिदाई दी . उनका अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट किया गया . अंतिम मुखाग्रि भाई छोटेराम मीणा, भतीजे राम सिंह, रामस्वरूप, मान सिंह, नवल सिंह, भाव सिंह, ब्रज मोहन, भारत सिंह मीणा और परिवार जन ने दी .

### नहीं मिल रहा पेंशन योजना का लाभ

**राजगढ़ 24 दिसम्बर, का .** ग्राम फतेहपुर निवासी मेहताब सिंह भिलाला ने बताया कि आवेदक के पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है और साथ ही आवेदक को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा हैं. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है . अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. खिलचीपुर निवासी भेरूंसिंह ने बताया कि आवेदक का मकान कच्चा तथा क्षतिग्रस्त हो गया हैं . साथ ही सभी ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है .परन्तु आवेदक को आज दिनांक तक उक्त योजना का लाभ किसी कारण वश नहीं मिल पा रहा हैं . अपर कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद खिलचीपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .

### सोयाबीन क्षति का नहीं मिला मुआवजा

**राजगढ़ 24 दिसम्बर, का .** ग्राम रामपुरिया निवासी नागा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर सोयाबीन की फसल उगाई गई थी . जो खराब मौसम होने के कारण फसल क्षति हो गई है . जिसका मुआवजा आवेदक को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है. अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया . ग्राम पुरा खेरखेडी निवासी हल्कूबाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में वृद्ध पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है . परन्तु वर्तमान में आवेदिका को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है . अपर कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया .


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति दिव्या डागा पति श्री राहुल कुमार डागा निवासी मकान नं. 03 सुदामा नगर वार्ड क्र. 05, ब्यावरा जिला राजगढ की निवासी है. मेरी पक्षकारा के आधार कार्ड क्र. 2204 9249 5323 में पूर्व में मेरा नाम दिव्या काबरा पति श्री सागर काबरा निवासी 168 जवाहर मार्ग बडा बाजार नरसिंहगढ जिला राजगढ, अंकित था. वर्ष 2021 में मेरी पक्षकारा के पहले पति सागर काबरा की मृत्यु हो जाने के बाद मेरी पक्षकारा द्वारा दुसरा विवाह श्री राहुल कुमार डागा से कर लिया गया है. मेरी पक्षकारा के दूसरे विवाह पश्चात् उनके द्वारा आधार कार्ड क्र. 2204 9249 5323 में पति का नाम राहुल कुमार डागा एवं निवास का पता मकान नं. 03 सुदामा नगर वार्ड क्रं.05, ब्यावरा जिला राजगढ अपडेट करवाया गया है. मेरी पक्षकारा द्वारा आधार कार्ड में किया गया संशोधन मेरी पक्षकारा की स्वेच्छा व पूर्ण सहमति से किया गया है. इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन के भीतर आकर मैरे कार्यालय मे सम्पर्क करे. समय सीमा पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही कि जावेगी.

**योगेश मेवाडे. एडवाकेट**
**ब्यावरा जिला राजगढ. म.प्र.**


# स्टेट हाइवे पर दरारें बन रही मुसीबत

## सुठालिया-ब्यावरा रोड पर सीसी रोड में हो रही दरारों में वाहनों के पहिए फंस रहे

**स्टेट हाइवे पर दरारें बन रही दुर्घटनाओं का कारण**

**सीसी वाले स्टेट हाइवे पर मरम्मत की जरुरत**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 24 दिसम्बर, का. ब्यावरा-सुठालिया स्टेट हाइवे मार्ग पर सीसी रोड पर अनेक स्थानों पर कई किमी तक दरारें बन रही है, आये दिन रोड पर हो रही दरारों में वाहनों के पहिए फंसकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है, कई लोग चोटिल तक हो चुके है, बावजूद इसके इस और गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है.**

गौरतलब है कि सुठालिया-ब्यावरा मार्ग पर बरखेड़ा से लेकर ग्राम सिलपटी तक कई जगह पर सीसी रोड के मध्य काफी अधिक दरारें चल रही है. ऐसे में दुपहिया वाहन चालको को काफी संभलकर वाहन चलाना पड़ते है.

### नहीं होता मेंटिनेंस, साइडें और संकेतक झाड़ियों से घिरे



सुठालिया से ब्यावरा मार्ग पर एक और समस्या यह देखी जा सकती है कि रोड की साइड में काफी झाडियां मौजूद है तो कहीं पर कचरे के ढेर लगे हुए है . ब्यावरा से ग्राम गिंदौरहाट तक रोड की साइड में काफी मात्रा में झाड़ खड़े हुए है तो कई जगह कचरे के ढेर जमा है . ऐसे में बड़े वाहनों की आवाजाही के बीच दुपहिया वाहन चालकों का साइड में वाहन चलाना भी खतरे से भरा हो रहा है . पैदल राहगीरों को भी भय रहता है . झाडियों के कारण जोखिम होकर दुर्घटना का अंदेशा रहता है .

### रोड क्रॉस करने में रहता जोखिम

ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर सीसी रोड के मध्य दरारें चल रही है. कई जगह काफी अधिक मात्रा में रोड कटा हुआ देखा जा सकता है, ऐसे में दुपहिया वाहन चालकों को रोड क्रॉस करने के दौरान अधिक जोखिम बना रहता है. दरारों में वाहन का पहिया फंसने का भय बना रहता है. पूर्व में कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है. जानकारी के अनुसार सीसी रोड पर हो रही दरारों को लेकर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को पत्र के माध्यम से इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है किंतु इस गंभीर समस्या की अनदेखी जारी है. समय रहते यदि रोड को दुरस्त नहीं किया गया तो कभी कोई अनहोनी का कारण भी रोड पर हो रही ये दरारें बन सकती है.

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

## खनोटा एवं सलेहपुर निवासी दोनों ग्रामीण की मौत से गहरा शोक छाया



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 24 दिसम्बर, सं. बुधवार की शाम को सुठालिया के समीप चौकी के यहां एक सीमेंट के कंटेनर और बाइक के बीच आमने-सामने हुई जोर की टक्कर में बाईक सवार दो ग्रामीण का प्राणांत हो गया.**

पुलिस के अनुसार ग्राम खनोटा निवासी भेरु सिंह सौंधिया उम्र 55 वर्ष एवं ग्राम सलेहपुर निवासी लाखन सौंधिया उम्र 35 वर्ष बाईक पर सवार होकर ब्यावरा से सुठालिया की तरफ आ रहे थे तभी चौकी के यहां ब्यावरा तरफ तेज रफ्तार से जा रहे सीमेंट के कंटेनर और बाईक के बीच आमने-सामने जोर की भिड़ंत हो गई. दुर्घटना में बाईक सवार भेरु सिंह ने गंभीर चोट के चलते मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि गंभीर रुप से घायल हुए लाखन सौंधिया को सुठालिया अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक डा. सांकेत मिश्रा द्वारा उन्हें भी मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस ने कंटेनर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है. घटना के बाद कंटेनर चालक मौके पर से फरार हो गया. पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया है. घटना से ग्राम खनोटा एवं सलेहपुर में गहरा शोक छा गया. घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में दोनों गांवों के ग्रामीणजन सुठालिया अस्पताल पहुंचे. ग्रामीणजन के परिजन, रिश्तेदारों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन अस्पताल आये.

## क्रिसमस आज : देर रात जन्मे प्रभु यीशु, मनाई खुशियां



*ब्यावरा . ज्योति कॉन्वेंट स्कूल परिसर में चर्च की विद्युत सज्जा की गई*

### कैथोलिक चर्च की आकर्षक सजावट, क्रिसमस ट्री बनाए

**ब्यावरा/राजगढ़ 24 दिसम्बर, का.** सत्य, धर्म और अहिंसा के प्रतीक, मसीहा प्रभु यीशू का जन्मदिवस क्रिसमस के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा. इसके पूर्व एक दिन पहल कैथोलिक चर्चों में काफी आकर्षक सजावट और तैयारियां की गई. ब्यावरा में ज्योति कॉन्वेंट स्कूल परिसर में मौजूद चर्चा को विद्युत सज्जा से सजाया गया. पूरे परिसर को आकर्षक तैयारियों से सुसज्जित किया गया. क्रिसमस ट्री आकर्षण का केन्द्र रहा. फादर ने बताया कि प्रभु यीशू ने समाज को सत्य और शांति का संदेश दिया है. उन्होंने सभी नागरिकों को और बच्चों को बधाई प्रेषित की. इसके अलावा राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल परिसर में प्रभु यीशू के जन्म का चित्रण किया गया. स्कूल के फादर अगस्टिन ने बताया कि प्रभु यीशू का जन्म और पूरा जीवन संघर्षों में बीता है और हमें प्रेरणा देता है कि संघर्षों में भी अपने सिद्धांतों को त्यागना नहीं चाहिए. मानवता की भलाई के लिए उन्होंने जीवन को समर्पित कर दिया. जिले भर के कैथोलिक चर्च स्कूलों में आज आकर्षक झांकियां बनाई गई है. फादर अगस्टिन ने बताया कि 11.30 बजे प्रार्थना होगी, 12 बजे प्रभु यीशू का जन्म होगा और इसी बीच ईशु साथ प्रोसेसन भी होगा.



*राजगढ़ . राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल परिसर में प्रभु यीशु जन्म की झांकी सजाई गई .*






## छात्रों से कौशल विकास पर संवाद



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 24 दिसम्बर, सं.** एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बांदा जागीर जन शिक्षा केंद्र गोघटपुर में शैक्षणिक संवाद का आयोजन किया गया. अतिथि गोविंद सिंह चौहान प्राचार्य गोघटपुर , शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरि सिंह गुर्जर द्वारा मां सरस्वती का पुजन माल्यार्पण किया. तत्पश्चात शैक्षणिक संवाद में संकुल अंतर्गत कक्षा एक एवं दो पढ़ाने वाले शिक्षकों को बच्चों में लेखन कौशल विकास पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम विषय पर बताया ताकि बच्चों को शिक्षा के प्रति अग्रसर किया जावे. सत्र के दौरान लेखन विधियां राइटिंग स्ट्रोक लेखन गतिविधियों आदि बताईं गईं. जहां शिक्षक गण भगवान गुजराती, राधेश्याम प्रजापति, गजराज वर्मा, सोनी नाथ, संतोष दांगी , जन शिक्षक संजय कुमार मंडलोई, प्रेम सिंह वर्मा संकुल अंतर्गत समस्त शिक्षक उपस्थित रहे. ग्राम पंचायत गोघटपुर सरपंच योगेश गुप्ता, भेरुलाल कुंभकार पंचायत सचिव द्वारा स्कूल के शौचालय की साफ सफाई हेतु टॉयलेट मशीन सह शुल्क व्यवस्था की गई.





